हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ८ अंक ०३ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.०० ०१ जुलाई २०२३ दिन शनिवार गाजीपुर/वाराणसी

## अतीक के अतिक्रमण से खाली कराई गई जमीन पर आवास की चाबी सीएम के हाथों पाकर रो पड़ी जाहिदा

### गरीबों को मिला आशियाना – कोई कथा सुनकर करेगा गृहप्रवेश, तो किसी के जीवन का पूरा हुआ सपना





प्रखर प्रयागराज। लूकरगंज में माफिया अतीक अहमद के कब्जे से खाली कराई गई भूमि पर बनाए गए 76 आवासों का आवंटन शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लीडर रोड प्रेस मैदान में आयोजित विशाल जनसभा में किया। सीएम के हाथ से आवास की चाबी मिलने पर कई गरीबों के मानों सपने सच होते दिखे। आवास की चाबी मिलने पर कई लाभार्थियों के आंखों से आंसू छलक आए। लाभार्थियों ने सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया। कहा कि जितनी भी शुक्रिया अदा की जाए वह कम है। सीएम योगी के हाथ से आवास की चाबी मिलने के बाद दरियाबाद की रहने वाली जाहिदा फातिमा अपने आंसू नहीं रोक सकीं। उनका कहना था कि उनका परिवार काफी गरीब और पिता अब्बास ई रिक्शा चलाकर परिवार का पेट पालते हैं। कहा कि हम लोग गरीबी से जूझते हुए आए हैं। उन्हें उनका घर मिल गया है यह उन्हें विश्वास नहीं हो रहा है। इसके लिए सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रति जितना आभार जताया जाए कम है। सीएम के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए उनके पास शब्द नहीं हैं। माफिया अतीक अहमद से लूकरगंज में खाली कराई जमीन पर तैयार हुए 76 फ्लैट पाने वालों की खुशी देखते ही बन रही है। क्योंकि इनका बरसों पुराना सपना सच हो गया है। शुक्रवार को सीएम ने लाभार्थियों को आवास की चाबी सौंपी। रामबाग में मलाकराज इलाके में सालों से किराये पर रहने वाली मधु देवी को भी पहली बार अपने घर में रहने का सुख मिला। उनकी बेटी तनु बताती हैं कि उनके ननिहाल और ददिहाल में किसी के पास अपना अपना मकान या जमीन नहीं है। यह पहली बार है कि उनके सिर पर अपने घर की छत होगी। इस खुशी को शब्दों में बयान करना मुश्किल है। मधुदेवी ने बताया कि चाबी मिलने के सत्यनारायण भगवान की कथा सुनेंगे और गृहप्रवेश करेंगे। 60 वर्षीय संगीता श्रीवास्तव बताती है कि कभी सोचा नहीं था कि उम्र के इस पड़ाव में खुद के घर का सपना पूरा हो पाएगा। छोटा–मोटा काम करने पति–पत्नी अपना घर चलाते हैं, ऐसे में अपना मकान हो जाने से बड़ा सहारा मिल गया है। कैंट इलाके में किराये पर रहने वाली नीरजा देवी के पति हरीश चंद्रा बताते है कि उनको तो भरोसा ही नहीं था कि किस्मत इतना साथ देगी। एक दुकान में काम करने वाले हरीश के परिवार में चार लोग हैं। इस कमाई में खुद का घर बनाने की सोच भी नहीं सकते थे। जब तक जीवन रहेगा, योगी सरकार को हमेशा याद रखेंगे। जो हम जैसे लोगों को भी घर का मालिक बना दिया।

## असि नदी को नदी बनाने की तैयारी, 5000 भवनों पर 1 जुलाई से चलेगा बुलडोजर



**1 जुलाई से 8 जुलाई तक चलेगा अतिक्रमण अभियान**

प्रखर वाराणसी। 1680 असि गंग के तीर श्रवण शुक्ल की सप्तमी तुलसी तज्यो शरीर॰ यह दोहा तो सभी ने सुना और पढ़ा भी होगा। तुलसीदास जी का लिखा हुआ है, तुलसीदास जी ने असि नदी के किनारे ही अपना शरीर त्यागा था। लेकिन आज वह असि अपने अस्तित्व पर रो रही है। असि नदी के कारण ही वाराणसी का नाम पड़ा। बता दें कि वरुणा नदी असि में आकर मिलती है, इसीलिए बनारस का नाम वाराणसी पड़ गया। बताते चलें कि नदी का उद्गम स्थल कंदवा है। यह नदी कंदवा से शुरू होकर चितईपुर, करोंदी, कर्मजीतपुर, नेवादा, सरायनंदन, नरिया, साकेतनगर, भदैनी और नगवा से होकर गंगा में मिलती हैं। उद्गम स्थल से गंगा तक की कुल दूरी 8 किलोमीटर है। अभिलेखों में असि नदी की चौड़ाई 200 मीटर बताई गई है। अतिक्रमण के वजह से असि नदी की चौड़ाई सिर्फ फीट में सिमट कर रह चुकी है। अब इसको लेकर जिलाधिकारी का आदेश हुआ है कि असि नदी के किनारे 5000 अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया जाएगा। इसकी कवायद 1 जुलाई से शुरू की जाएगी। 1 जुलाई से शुरू होकर 8 जुलाई तक असि नदी के किनारे हुए अतिक्रमण पर सरकार का बुलडोजर चलेगा। लेकिन इसमें बड़ी चुनौती है, क्योंकि असि नदी के किनारे बसे हुए लोगो को हटाना सरकार के लिए बड़ी चुनौती साबित होगा? बीते कई वर्षो से अतिक्रमण हटाने को लेकर विरोध होता रहा है। अतिक्रमण हटाने नदी को अपने मूल स्वरूप में वापस लाने की जिम्मेदारी वीडीए, नगर निगम, सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस महकमे को दी गई है। बता दें कि यह टीमें बृहस्पतिवार को कंदवा से कंचनपुर तालाब तक दौरा किया। अतिक्रमण हटाने का खाका भी तैयार किया गया। इसको लेकर जिलाधिकारी एस रामलिंगम ने बुधवार को विस्तृत आदेश भी जारी कर दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा का जलस्तर बढ़ने से पहले ही असि नदी को मुक्त कराया जाए। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानी एनजीटी और हाईकोर्ट की सख्ती के बाद से नदी को मूल स्वरूप में लाने की कवायद फिर से शुरू हो गई है। लेकिन असि नदी को मूल स्वरूप में लाना बड़ी चुनौती है।

## सब्जी पर महगाई की मार टमाटर अदरक का भाव सुनकर चेहरे हुए लाल महंगी सब्जी ने रसोई का बजट बिगाड़ा



प्रखर जौनपुर। इस दिनों गर्मी बरसात के मौसम में सब्जियों के दाम में भारी वृद्धि देखने को मिल रही है ।मध्यम वर्गीय परिवार के घरों में सब्जियों के बढ़े हुए दामों से रसोई का बजट बिगाड़ दिया है ।लोगो के घरों से भोजन की थाली से टमाटर सलाद गायब हो गया है । वर्तमान मानसून की शुरूआत के साथ ही सब्जियों के दामों में भारी उछाल देखने को मिल रहा है ।सब्जी के दामों में अचानक वृद्धि हो जाने से अधिकांश सब्जियों के दामों में 50 से 100 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। जिससे आम गृहणियों के रसोई का बजट गड़बड़ हो गया है। सब्जियों पर महंगाई की मार अब स्पष्ट तौर पर बाजार में देखने को मिल रहा है। बढ़े सब्जियों के दामों से आम लोगों की थाली से अब सब्जियां भी गायब होने लगी है । इसके अलावा अन्य सब्जियों के भाव भी दोगुने से अधिक हो गये हैं। सब्जियों में इजाफा होने का कारण अभी हाल ही में हुई दो–तीन दिन की बरसात के अलावा सब्जियों में रोग लगना बताया जा रहा है। टमाटर एवं अदरक के भाव अचानक अप्रत्याशित रूप से बढ़ गये हैं। इसके अलावा अन्य सब्जियों के भाव भी दोगुने से अधिक हो गए हैं। पिछले तीन चार दिनों में हो रही बारिश का असर अब सब्जियों पर भी दिखने लगा ।नई फल,सब्जी मंडी चौकियां में अधिकतर सब्जियां आस–पास के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचती है। सब्जी विक्रेता ,विनोद सोनकर ने बताया कि बारिश की वजह से सब्जियों के दाम काफी प्रभावित हो रहे है। बैंगलोर से टमाटर अदरक का आयात होता है। बीते दिनों टमाटर व अदरक की फसल में रोग लगने सड़ने की वजह खेती बर्बाद हो गई है। उत्पादन कम होने के कारण ही दामों में वृद्धि देखने को मिल रहा है। वही लोकल स्तर पर आने वाली सब्जी भी बहुत कम आ रही है। इस कारण मूल्य में बेतहाशा वृद्धि देखने को मिल रहा हैं। आज टमाटर 100 से 140 रूपये प्रति कि. ग्रा.तक बिक रहे हैं ।वहीं अदरक 240 से 260 रूपये प्रति कि.ग्रा., हरी धनिया 200 से 250 रूपये प्रति कि.ग्रा., बैगन, भिंडी, नेनुआ 30 से 40रूपये प्रति कि.ग्रा., परवल 60से 80रूपये प्रति कि.ग्रा., शिमला मिर्च 70से 80रूपये प्रति कि.ग्रा. , हरी मिर्च 80से 90रूपये प्रति कि.ग्रा., गोल बैंगन 60से 80रूपये प्रति कि.ग्रा., पालक 60 रूपये प्रति.कि.ग्रा., कटहल 40 रूपये प्रति.कि.ग्रा., करेला 40से 50 रूपये प्रति किलो बिक रहे है ।मूली 5 से 7 रुपए प्रति पीस बिक रहा है। भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को अभी मौसम की मार से पूरी तरह राहत मिली भी नहीं कि एक और मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। पिछले एक हफ्ते से बाजार में सब्जियों के भाव में उछाल देखने को मिला है।

## औद्योगिक क्षेत्र सिधवन स्थिति बीसीसी हाईटेक सीमेंट फैक्ट्री में एसटीएफ व पुलिस की संयुक्त टीम का छापा, नकली सीमेंट सहित पांच गिरफ्तार,फैक्ट्री सील




प्रखर जौनपुर। रामपुर थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र सिधवन में वीसीसी हाई टेक सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में लखनऊ एवं वाराणसी एसटीएफ टीम ने स्थानीय तीन थानों की पुलिस के साथ संयुक्त छापेमारी में भारी मात्रा में नकली सीमेंट, डाई, सीपीयू, 70 बंडल प्रिंटेड बोरी,130 बंडल सादी बोरी, 758 बोरी नकली सीमेंट एवं सात मोबाइल फोन समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर एसडीएम की निगरानी में फैक्ट्री को सील कर दिया गया। एसटीएफ टीम ने शुक्रवार की सुबह विधिक कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया है। इतनी भारी मात्रा में नकली सीमेंट पकड़े जाने के बाद औद्योगिक क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। लखनऊ एवं वाराणसी की एसटीएफ टीम मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि रामपुर थाना क्षेत्र की औद्योगिक क्षेत्र सिधवन में स्थित वीसीसी हाईटेक सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड में भारी मात्रा में सीमेंट कंपनी द्वारा सीमेंट को अपनी कंपनियों में गुणवत्ता, मानक से कम बनी नकली सीमेंट बनाकर फर्जी व कूटरचित बोरियों में भरकर बाजारों में थोक के भाव में डीलरों को सप्लाई किया जा रहा है। गुरुवार की रात एसटीएफ टीम प्रभारी अतुल कुमार सिंह ने प्रभारी निरीक्षक मड़ियाहूं सुधीर कुमार आर्य, थानाध्यक्ष रामपुर चंदन कुमार राय एवं सुरेरी थाना अध्यक्ष अश्वनी कुमार दुबे समेत भारी संख्या में पुलिस फोर्स लेकर फैक्ट्री में छापा मारा। छापेमारी में एसटीएफ को एक सीपीयू, सीमेंट बोरी बनाने के लिए प्रयोग किया जा रहा 8 डाई, 70 बंडल विभिन्न कंपनियों के प्रिंटेड बोरी, 31 बंडल सादी बोरी, 758 बोरी नकली सीमेंट एवं डीलरों से बात करने में प्रयोग किया जा रहा सात मोबाइल फोन बरामद हुआ। फैक्ट्री में मौजूद सतीश कुमार जायसवाल पुत्र स्व. सूरजबली जायसवाल एवं नीरज जायसवाल पुत्र संतोष जायसवाल निवासीगण धनुहां थाना रामपुर, बद्री प्रसाद दुबे उर्फ अफसर दुबे पुत्र स्व. अंबा चरण दुबे निवासी सिधवन थाना रामपुर, सत्येंद्र पाठक उर्फ विनय पाठक पुत्र घनश्याम पाठक निवासी रामपुर थाना रामपुर, शैलेंद्र पाठक उर्फ पिंटू पुत्र हरिशंकर निवासी भदोही जनपद भदोही को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद एसडीएम मड़ियाहूं लाल बहादुर की देखरेख में वीसीसी हाईटेक सीमेंट फैक्ट्री को सील कर दिया गया। फैक्ट्री में छापे की कार्रवाई 1रू30 बजे से लेकर शनिवार की भोर 4रू30 बजे तक चलती रही। सभी गिरफ्तार आरोपियों के ऊपर धारा 419, 420, 467, 468, 471, 465, 472, 120 बी आईपीसी पंजीकृत करते हुए आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया है।

## 50 रुपए से केवल 10 दिन में 1 करोड़ 40 लाख की आर्थिक मदद



प्रखर मिर्जापुर। टीचर्स सेल्फ केअर टीम द्वारा सहयोग अलर्ट 41 में मात्र 10 दिनों में 4 परिवारों को एक करोड़ 40 लाख की आर्थिक मदद पहुंचाया गया है। इस महीने के सहयोग में ब्लाक नरायनपुर जनपद मिर्जापुर की दिवंगत शिक्षिका स्वर्गीय प्रीति सिंह जो कि कंपोजिट विद्यालय अदलहाट में कार्यरत थी के परिवार को भी 35 लाख 41 हजार से अधिक का सहयोग किया गया ।जिला सहसंयोजक मिर्जापुर विकास सिंह के द्वारा बताया गया की ज्ैब्ज की स्थापना 26 जुलाई 2020 को प्रयागराज के शिक्षक विवेकानंद जी के द्वारा किया गया है। इस संस्था से फिलहाल में पूरे उत्तरप्रदेश के बेसिक और माध्यमिक के शिक्षक जुड़कर के अपने बीच के ही शिक्षक साथी के परिवार को जो असमय ही अपने परिवार को बेसहारा छोड़कर इस संसार से विदा हो गए है को मात्र 50 रुपए के मदद से इतनी बड़ी राशि सहयोग के रूप में प्रदान करते हैं ।ज्ैब्ज द्वारा अब तक 115 परिवारों को 24 करोड़ 64 लाख 39 हजार की मदद की जा चुकी है। जिला संयोजक रविंद्र यादव जी ने इस पुनीत कार्य में सहयोग करने वाले सभी शिक्षक साथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है ।इस संस्था से जुड़ने के लिए ज्ैब्ज्च् ब्वउ या प्लेस्टोर से ज्ैब्ज्च् ऐप की मदद ले सकते है। जनपद मिर्जापुर की जिला कार्यकारिणी और सभी ब्लॉकों की ब्लाक कार्यकारिणी सभी शिक्षकों से अपील करती है कि इस नेक और पुनीत कार्य में आप सभी लोग सहभागी बने।

## पुलिस मुठभेड़ में कच्छा बनियान गिरोह का वांछित रितेश गिरफ्तार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। दुल्लहपुर पुलिस तथा स्वाट टीम की गुरुवार की रात बदमाश से मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने कच्छा बनियान गिरोह के वांछित अपराधी रितेश उर्फ निरहू खरवार को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली से रितेश जख्मी हो गया उसके पैर में गोली लगी है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा 315 बरामद किया गया है। बताते चलें कि 2 दिन पूर्व गाजीपुर पुलिस ने कक्षा बनियान गिरोह के 13 सदस्यों को गिरफ्तार किया था इस गिरोह के बाकी सदस्यों की तलाश की जा रही थी। इस मामले में एसपी सिटी ज्ञानेंद्र ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि कच्छा बनियान गिरोह का वांछित अभियुक्त रितेश उर्फ निरहू खरवार शंकरपुर ग्राम के आसपास किसी घटना को पारित करने के लिए घूम रहा है। इसी सूचना पर शंकरपुर क्षेत्र से आने जाने वाले रास्ते व नहर व सड़क आदि स्थानों पर घेराबंदी की गई ।थानाध्यक्ष दुल्लहपुर तथा स्वाट टीम ग्राम रामपुर पतारी मोड़ नहर तिराहा के पास चेकिंग कर रही थी। तभी एक व्यक्ति शंकरपुर नहर मार्ग होते हुए संदिग्ध तरीके से आता हुआ दिखाई दिया। जिसे रोकने का प्रयास किया गया तो चेकिंग कर रही पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुए खेतों की तरफ भागा। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो बदमाश के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार हेतु स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। गिरफ्तार रितेश उर्फ निरहू खरवार जिला रोहतास बिहार का रहने वाला है जिसके पास से तमंचा और चोरी के गहने बरामद हुए हैं।

## करेंट लगने से महिला की मौत परिजनों में मचा कोहराम

प्रखर मछलीशहर जौनपुर। कोतवाली क्षेत्र के खजुरहट गांव में बीती रात करेंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई ।मौत की सूचना पाते ही परिजनों व नात रिस्तेदारों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी 38 वर्षीय प्रमिला सरोज पत्नी सुभाष सरोज गुरुवार की रात कमरे में सोने गई तो बच्चे सो रहे थे कमरे की लाइट बन्द थी ।इसी दौरान बोर्ड में तार लगाने लगी ।नंगा तार होने के कारण उसमें करेंट प्रवाहित होने लगा ।जिसकी चपेट में आते ही महिला जमीन पर गिरकर तडपने लगी ।आवाज सुनकर परिजन कमरे में आये तो महिला की मौत हो चुकी थी ।परिजनों में कोहराम मच गया ।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर आस पड़ोस की काफी भीड़ इकट्ठी हो गई ।मृतका के मायके बटनहित में भी सूचना दी गई तो रोते बिलखते मौके पर पहुंच गये ।मृतका का पति सन्तोष कबाडी व मजदूरी का काम कर जीवन यापन करता है ।मृतका के तीन बच्चे,दो बेटे अर्जुन,अभिषेक व एक बेटी आस्था का रो रोकर बुरा हाल है।

# गुरुपूर्णिमा (व्यास पूजन)




प्रस्तावना! माया के भवसागर से शिष्य को एवं भक्तों को बाहर निकालनेवाले, उनसे आवश्यक साधना करवा कर लेनेवाले एवं कठिन समय में उनको अत्यंत निकटता एवं निरपेक्ष प्रेम से सहारा देकर संकट मुक्त करने वाले गुरु ही होते हैं । ऐसे परम पूजनीय गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है गुरुपूर्णिमा । प्रस्तुत लेख में हम गुरु पूर्णिमा का महत्व तथा यह उत्सव मनाने की पद्धति जानेंगे । प्रत्येक वर्ष अनेक लोग एकत्रित आकर अपने संप्रदाय के अनुसार गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाते हैं । इस वर्ष गुरुपूर्णिमा 3 जुलाई को है । प्रस्तुत लेख से गुरुपूर्णिमा का महत्व जानकर उसके अनुसार कृति करने का प्रयास करेंगे और गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करेंगे। गुरुपूर्णिमा मनाने की तिथि रू गुरुपूर्णिमा यह उत्सव सब जगह आषाढ़ माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। (तमिल प्रदेश में व्यास पूजा जेष्ठ पूर्णिमा को मनाई जाती है) गुरुपूर्णिमा मनाने का उद्देश्य रू गुरु अर्थात ईश्वर का सगुण रूप ! वर्ष भर गुरु अपने भक्तों को अध्यात्म का ज्ञान देते हैं । गुरु के प्रति अनन्य भाव से कृतज्ञता व्यक्त करना, यह गुरुपूर्णिमा मनाने का उद्देश्य है ।

**गुरुपूर्णिमा मनाने का महत्व –**

1) गुरुतत्व का कार्यरत होना रू गुरुपूर्णिमा के शुभ दिन पर गुरुतत्व (ईश्वरीय तत्व) नित्य की अपेक्षा 1000 गुना अधिक कार्यरत होता है । इसलिए गुरुपूर्णिमा के अवसर पर की गई सेवा एवं त्याग सत् के लिए अर्पण इनका अन्य दिनों की अपेक्षा 1000 (हजार) गुना अधिक लाभ होता है। इसलिए गुरुपूर्णिमा यह गुरु कृपा (ईश्वर कृपा) प्राप्त करने की एक अनमोल संधि है ।

2) गुरु शिष्य परंपरा रू यह हिंदुओं की हजारों वर्ष पुरानी चौतन्यमयी संस्कृति है । परंतु समय के प्रवाह में रज–तम प्रधान संस्कृति के प्रभाव के कारण इस महान गुरु शिष्य परंपरा की उपेक्षा हो रही है । गुरुपूर्णिमा के कारण गुरु पूजन होता है तथा गुरु शिष्य परंपरा का महत्व समाज को बता सकते हैं। संक्षेप में गुरुपूर्णिमा अर्थात गुरु शिष्य परंपरा का संरक्षण करने की सुसंधि ही है !

3) गुरुपूर्णिमा मनाने की पद्धति रू शिष्य इस दिन अपने गुरु की पाद्य पूजा करते हैं एवं उनको गुरु दक्षिणा अर्पण करते हैं । इस दिन व्यास पूजा करने की प्रथा है। गुरु परंपरा में महर्षि व्यासजी को सर्वश्रेष्ठ गुरु माना गया है। सभी प्रकार के ज्ञान का उद्गम महर्षि व्यास से होता है, ऐसी भारतीयों की धारणा है। कुंभकोणम एवं श्रृंगेरी ये शंकराचार्यजी के दक्षिण भारत के प्रसिद्ध पीठ हैं । इन स्थानों पर व्यास पूजा का महोत्सव संपन्न होता है। व्यास महर्षि ये शंकराचार्य के रूप में पुनः अवतरित हुए हैं ऐसी श्रद्धालुओं की श्रद्धा है, इसलिए संन्यासी इस दिन व्यास पूजा के रूप में शंकराचार्य जी की पूजा करते हैं । गुरुपूजन की विधि रू स्नान आदि नित्य कर्म करने के उपरांत षुरु परंपरा सिद्धर्थम व्यास पूजनं करिष्ये ८ ऐसा संकल्प किया जाता है । एक धुला हुआ वस्त्र बिछाकर उस पर चंदन से पूर्व से पश्चिम की ओर तथा उत्तर से दक्षिण की ओर ऐसी 12 रेखाएं खींचते हैं । ये रेखाएं महर्षि व्यास का व्यासपीठ माना जाता है । फिर ब्रह्मा, परात्पर शक्ति, व्यास, शुकदेव, गौडपाद, गोविंद स्वामी एवं शंकराचार्य इनका उस व्यासपीठ पर आवाहन करके उनकी षोडशोपचार पूजा की जाती है । इस दिन दीक्षा गुरु एवं माता–पिता इनकी भी पूजा करने की प्रथा है । इस तरह गुरु पूर्णिमा मनानी चाहिए । गुरु का महत्व रू इस जन्म में छोटी–छोटी बातों के लिए प्रत्येक व्यक्ति शिक्षक, डॉक्टर, वकील आदि किसी दूसरे का मार्गदर्शन लेता है। तो जन्म मृत्यु के फेरे से मुक्ति देनेवाले गुरु का महत्व कितना होगा, इसकी कल्पना भी नहीं कर सकते । अगले सूत्रों से वह महत्व स्पष्ट होगा।

**मानसिक दृष्टि से –**

1) शिष्य की उन्नति के लिए अपने अस्तित्व एवं सामर्थ्य का ज्ञान करानेवाले गुरु की ओर शिष्य का ध्यान अधिक मात्रा में केंद्रित हो सकता है ।

2) गुरु को अंतर्ज्ञान से सब कुछ समझ में आता है, इस अनुभूति के कारण शिष्य दुष्कृत्य करना टालता है।

3) शिष्य को सिखाने की अपेक्षा संत ऐसा क्यों बोलते हैं? ऐसे कुछ अभ्यासु साधकों को लगता है । इस संबंध में पूछने पर संत बोले, मुझे पकोड़े या थालीपीठ पसंद है ऐसा कहता हूं, उस कारण शिष्य घर पर थालीपीठ या पकोड़े बनाते समय मेरा नाम लेता है स

4) स्वयं की महानता या बड़प्पन के कारण शिष्य को उसकी कमियों का ज्ञान ना कराकर गुरु उसकी कमियों को दूर करके गुरु पद प्राप्त करवा देते हैं।

**आध्यात्मिक दृष्टि से –**

1) गुरु के पास जाना रू गुरु शिष्य को अपना स्मरण करा देते हैं (याद दिलाते हैं) तभी शिष्य गुरु के पास जा सकता है ।

2) संकटों का निवारण रू कुछ भक्त मानवीय स्वभाव के कारण, सांसारिक दुख ईश्वर ने (भगवान ने) दूर करने चाहिए, इस इच्छा से ईश्वर के पास जाते हैं। माता–पिता जैसे अपनी संतान को संकट में संभालते हैं उसी प्रकार ईश्वर भी अपने भक्तों को संकटों से मुक्त करेंगे, ऐसे उनकी समझ होती है। ऐसे भक्त पत्र लिखते हैं अथवा मन में ईश्वर की प्रार्थना करते हैं । इसका परिणाम यह होता है कि संकट तो निकल जाता है, अथवा संकट अटल है तो भक्तों के मन में वह सहन करने की शक्ति अथवा सामर्थ्य उत्पन्न होता है । भगवान ने इच्छा की इसलिए वैसा घटित नहीं होता था, परंतु भक्तों की श्रद्धा एवं उसकी शरणागति के कारण गुरुकृपा का जो प्रवाह होता है उस कृपा से यह संभव होता है।

3) प्रारब्ध सहन करने की क्षमता बढना रू मंद प्रारब्ध भोगने की क्षमता मध्यम साधना से, मध्यम प्रारब्ध भोगने की क्षमता तीव्र साधना से तथा तीव्र प्रारब्ध भोगने की क्षमता केवल गुरुकृपा से ही प्राप्त होती है ।

**गुरुमहिमा –**

1) पिता पुत्र को केवल जन्म देता हैय परंतु गुरु उसे जन्म मृत्यु से मुक्त करवाते हैं, इसलिए पिता से भी अधिक गुरु को श्रेष्ठ माना गया है।

2) एक बद्ध जीव दूसरे बद्ध जीव का उद्धार नहीं कर सकता, परंतु गुरु मुक्त होने के कारण शिष्यों का उद्धार कर सकते हैं।

3) भगवान श्रीकृष्ण ने भी बतलाया है कि ईश्वर भक्ति की अपेक्षा गुरु भक्ति अधिक श्रेष्ठ है। श्री कृष्ण कहते हैं मुझे मेरे भक्तों की अपेक्षा गुरु भक्त अधिक प्रिय हैं।

4) संत एकनाथ ने कहा है कि षविश्व में जो ईश्वर है वह एक ही व्यापक सद्गुरु है अतः सब उनका आदर करते हैं८।

5) श्री ब्रह्मचौतन्य गोंदवलेकर महाराज ने कहा षमुझे जो चाहिए था, वह सब एक जगह श्री तुकाराम जी के पास मुझे मिला। मुझे निर्गुण का साक्षात्कार, सगुण का प्रेम एवं अखंड नाम एक जगह चाहिए था। वह उनके पास मिला।८

6) श्री शंकराचार्य जी ने कहा है ज्ञान दान करनेवाले सद्गुरु को शोभा दे ऐसी उपमा इस त्रिभुवन में कहीं भी नहीं है । उन्हें यदि पारस की उपमा दी जाए तो भी वह कम होगी क्योंकि पारस लोहे को स्वर्णत्व तो देता हैय परंतु अपना पारसत्व नहीं दे सकता ।

7) गुरु को उपमा देने योग्य इस संसार में दूसरी कोई भी वस्तु नहीं गुरु को सागर जैसा कहें तो सागर के पास खारापन हैय परंतु सद्गुरु हर तरह से मीठे ही होते हैं । सागर में (समुद्र में) ज्वार भाटा होता है परंतु सद्गुरु का आनंद अखंड रहता है । सद्गुरु को कल्पवृक्ष कहें तो कल्पवृक्ष हम जो कल्पना करते हैं वह पूरी करता है, परंतु सद्गुरु शिष्य की कल्पना समूल नष्ट करके, उसको कल्पनातीत ऐसी वस्तु प्राप्त करा देते हैं । इसलिए गुरु का वर्णन करने के लिए यह वाणी असमर्थ है।

**संदर्भ – सनातन संस्था का ग्रंथ गुरुकृपायोग**

# खबरों पर विराम !

ना होगा इस्तीफा ।
ख़बरों पर विराम ।।
कर रहे थे करेंगे अब ।
आगे भी वो काम ।।
हुई कोशिश लाख ।
ले कुछ जिम्मेदारी ।।
लगता लेकिन अब तो ।
अलग कुछ तैयारी ।।
मचा भारी शोर है ।
है होना बदलाव ।।
दिखा नहीं पर अभी भी ।
इसका कुछ प्रभाव ।।
रूक जाए पर हिंसा ।
है जिसकी दरकार ।।
होगा व्यक्त आगे ।
फिर इसका आभार ।।

**कृष्णेन्द्र राय**



# कुटीर सौर ऊर्जा संयंत्र यूनिट को बढ़ाने का काम करूंगा– आशुतोष सिन्हा




प्रखर जौनपुर।जलालपुर–कुटीर सौर ऊर्जा संयंत्र के यूनिट को बढ़ाने का काम करूंगा उक्त बातें आशुतोष सिन्हा सदस्य विधान परिषद स्नातक निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी ने कुटीर सौर ऊर्जा संयंत्र के लोकार्पण एवं कुटीर प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उक्त बातें कहीं ।उन्होंने कहा की संस्थान एवं छात्रों के हित के लिए मैं हमेशा तैयार रहूंगा। विशिष्ट अतिथि उदय प्रताप सिंह सचिव विकास प्राधिकरण गोरखपुर एवं कुटीर संस्थान के पुरातन छात्र ने कहा कि ग्रामीण अंचल के इस कुटीर महाविद्यालय में लालटेन से लेकर सौर ऊर्जा के सफर से छात्रों को पठन–पाठन में सुविधाएं मिलेंगी। प्रभाकर त्रिपाठी पूर्व डाक अधीक्षक ने संस्थान एवं संस्थापक स्मरण को साझा किया। प्रोफेसर अजय द्विवेदी संकायाध्यक्ष वी ब सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने कहा कि छात्र अपने जीवन में विद्याध्ययन सकारात्मक रूप से करें। महाविद्यालय के पुरातन छात्र संदीप गुप्ता जिला उद्यान अधिकारी मऊ एवं अजीत दुबे एबीएसए ने छात्रों को गुरु परंपरा का अनुसरण कर जीवन में विनम्रता लाने की बात कही। इस मौके पर महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य प्रोफेसर रमेश मणि त्रिपाठी के सेवानिवृत्त होने पर पुरातन छात्रो की ओर से वंदे मातरम एवं भाव विभोर कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये । जिससे उपस्थित जनों की आंखें नम हो गई। कुटीर संस्थान के प्रबंधक डॉ अजयेन्द कुमार दुबे ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। प्राचार्य प्रोफेसर रमेश मणि त्रिपाठी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं आए हुए अतिथियों अंग वस्त्र पुष्पगुच्छ माल्यार्पण एवं कुटीर स्मारिका पत्रिका का विमोचन कर हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता धरणीधर दुबे पूर्व कुलपति वि ब सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर ने किया। संचालन डॉ अनुज कुमार शुक्ला ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक छात्र छात्राएं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

# प्रिवेंटिव थेरेपी अपनाएं, परिजनों को टीबी से बचाएं

**फेफड़े की टीबी के मरीजों के परिजनों के लिए टीपीटी है जरूरी**

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। केस–1 नक्खी घाट निवासी पेशे से मजदूर 48 वर्षीय ललित (परिवर्तित नाम) को गत फरवरी माह में फेफड़े की टीबी हुई । जिला क्षय रोग केन्द्र में शुरू हुए उपचार के साथ ही चिकित्सक ने सलाह दी कि वह पत्नी और तीन बच्चों की भी जांच कराकर उनकी प्रिवेंटिव थेरेपी शुरू कर दें ललित ने चिकित्सक की सलाह को गंभीरता से नहीं लिया इसका नतीजा हुआ कि दो माह बाद यानि अप्रैल के प्रारम्भ में पत्नी को भी खांसी और बुखार आने लगा द्य जांच कराया तो पता चला कि फेफड़े की टीबी हो चुकी है इस वाकये के बाद ललित को गलती का एहसास हुआ पत्नी ने टीबी की दवा का नियमित सेवन करने के साथ ही दोनों बच्चों की जांच कराकर उनकी प्रिवेंटिव थेरेपी भी शुरू करा दी है ताकि भविष्य में वह टीबी से सुरक्षित बन सकें । केस–2 ढेलवरियां के रहने वाले 58 वर्षीय रेहान (परिवर्तित नाम) पेशे से बुनकर हैं चार बच्चों के पिता रेहान को पांच माह पूर्व फेफड़े की टीबी हुई जिला क्षय रोग केन्द्र में दिखाने के बाद वह अपना नियमित उपचार तो कर ही रहें हैं चिकित्सकीय सलाह पर परिजनों की टीबी की प्रिवेंटिव थेरेपी करा रहे हैं इसका सुरूखद परिणाम है कि रेहान की हालत में तो अब तेजी से सुधार है ही उनके परिवार के अन्य सदस्य भी स्वस्थ हैं। यह दो वाकये यह बताते हैं कि यदि किसी को फेफड़े की टीबी है तो उनके परिजनों के लिए टीबी की प्रिवेटिव थेरेपी कितनी जरूरी है जिला क्षय रोग केन्द्र के चिकित्सा अधिकारी डा.अन्वित श्रीवास्तव बताते हैं कि जब किसी व्यक्ति को फेफड़े की टीबी होती है तो वह अपने सम्पर्क में आने वाले कम से कम 15 व्यक्तियों को टीबी से संक्रमित कर सकता है ऐसे में यदि परिवार के किसी सदस्य को फेफड़े की टीबी है तो इसके संक्रमण से और लोग न प्रभावित हों इसके लिए परिजनों का टीबी की प्रिवेंटिव थेरेपी (टीपीटी) कराना बेहद जरूरी है इस थेरेपी में टीबी मरीज के सम्पर्क में रहने वाले परिजनों की कुछ जरूरी जांच कराने के बाद दवाएं दी जाती हैं जिससे उन्हें टीबी होने का खतरा नहीं रहता है।

**क्या है टीपीटी –**

जिला क्षय रोग अधिकारी डा. पीयूष राय बताते हैं कि जब किसी को फेफड़े की टीबी होती है तो उसका उपचार शुरू करने के साथ ही रोगी के परिजनों की स्क्रीनिंग और एक्स–रे कराया जाता है। उनमें से किसी व्यक्ति में यदि टीबी के लक्षण दिखाई देते हैं तो उसका भी उपचार विभाग की ओर से किया जाता है। लक्षण नहीं दिखने पर उस व्यक्ति की टीपीटी शुरू की जाती है ताकि उसे टीबी के खतरे से दूर रखा जाए पहले यह थेरेपी पांच वर्ष तक के बच्चों को दी जाती थी अब क्षय रोग से पीड़ित मरीज के परिवार के सभी सदस्यों को यह थेरेपी दी जाती है डा. राय के अनुसार राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत जनपद के सभी क्षय रोगियों के परिवार के सदस्यों को टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी (टीपीटी) की सुविधा दी जा रही है टीबी के प्रसार को रोकने के लिए यह थेरेपी काफी कारगर है इस कार्य में सेंटर फॉर हेल्थ रिसर्च एंड इनोवेशन (सीएचआरआई) के तहत जीत प्रोजेक्ट स्वास्थ्य विभाग का सहयोग कर रहा है।

**जिले में 12 हजार से अधिक को दी टीपीटी –**

जीत प्रोजेक्ट के डिस्ट्रिक्ट लीड अश्वनी राय बताते हैं कि जिला क्षय रोग केंद्र से भेजी गई 5858 क्षय रोगियों की सूची के क्रम में दिसंबर 2021 से अब तक 24138 परिजनों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है सीएचआरआई के जरिए 14668 लोगों की एक्सरे जांच की गई जिसमें से पाँच वर्ष से ऊपर के 12424 लोगों को टीपीटी दी जा रही है द्य पाँच वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों को कीमो प्रोफाइलिक्सिस थेरेपी दी जा रही है उन्होंने बताया कि टीपीटी प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से सीएचआरआई की ओर से जनपद में टीपीटी के लिए 25 टीमें बनाई गई हैं जो फेफड़े की टीबी से संक्रमित मरीजों के परिजनों से सम्पर्क कर उनकी जांच कराने के साथ ही उन्हें यह सुविधा प्रदान करने में मदद करती हैं ।

# लूट के आरोपित को पुलिस ने दबोचा

प्रखर पिंडरा वाराणसी। सिंधोरा पुलिस ने लूट की घटना 24 घण्टे के अंदर ही लूट के मोबाइल व नगदी के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सिंधोरा थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने बताया कि बुधवार को सायंकाल में बाइक पर दूध देने के बाद घर लौट रहे सहमलपुर निवासी धर्मेंद्र प्रजापति को ओवरटेक पर बाइक सवार बदमाशों ने उसके मोबाइल के साथ उसके पर्स में रखे 3 हजार रुपये गरथमा पोखरे के पास लूट लिए थे। सूचना के बाद पुलिस सक्रिय हुई और गुरुवार को दोपहर में मुखबिर की सूचना पर दोनों को गरथमा में धर दबोचा गया और उसके पास से लूट के मोबाइल के साथ 3 हजार रुपए भी नगद बरामद किया। वही गिरफ्तार युवकों निवासी विकास चौबे व धीरज सिंह निवासिद्वय पलहीपट्टी थाना चोलापुर ने बताया कि वह मौज मस्ती के लिए लूट की घटना को अंजाम दिया लेकिन पकड़ में आ गए।

# बिरनो पुलिस ने किया अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक के आदेश क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के निकट पर्यवेक्षण में गुरुवार को उप निरीक्षक बृजवासी मय हमराह मुखबिर खास की सूचना पर स्थान मिश्रौली मोड़ हाइवे के पास से अभियुक्त मिन्टू राजभर पुत्र रामप्यारे राजभर निवासी ग्राम बन्तरा थाना बिरनो जनपद गाजीपुर उम्र करीब 19 वर्ष को अवैध तमन्चा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया तथा थाना स्थानीय पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक बृजवासी, कांस्टेबल शशांक प्रताप सिंह शामिल रहे।

# सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण केन्द्र सरकार के नौ वर्षों की पहचान हैं— डॉ अवधेश सिंह




**पत्रकार का अपडेट रहना बहुत जरूरी –डा. बाला लखेन्द्र**

प्रखर पिंडरा वाराणसी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) वाराणसी के तत्वावधान में वाराणसी जनपद के पिंडरा विकास खंड के सभागार में क्षेत्रीय पत्रकारों और भारत सरकार के बीच संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को वार्तालाप का आयोजन किया गया कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के 60 से अधिक पत्रकारों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ पिंडरा के विधायक डा. अवधेश सिंह, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया वाराणसी अंचल के महाप्रबंधक गिरीश जोशी, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के वरीय प्राध्यापक डॉ बाला लखेंद्र, सीबीसी लखनऊ और पत्र सूचना वाराणसी के निदेशक मनोज वर्मा व संचार अधिकारी प्रशांत कक्कड़ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण विषय पर आयोजित इस वार्तालाप कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय लोक संपर्क ब्यूरो, सूचना प्रसारण मंत्रालय, वाराणसी की ओर से फोटो प्रदर्शनी भी लगाई गई। बतौर मुख्य अतिथि कार्यशाला को संबोधित करते हुए पिंडरा विधायक डा0 अवधेश सिंह ने कहा कि स्वच्छ पत्रकारिता लोकतंत्र की प्राण है। निर्भयता पूर्वक सच्ची व अच्छी पत्रकारिता करना आपका कर्तव्य है। आपकी रिपोर्ट सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्र और राज्य की सरकार लोगों की मदद और सक्षम लोगों को अवसर देने वाली सरकार है। यह काम करने के साथ लोगों को कर्तव्यों का अहसास कराने वाली सरकार है। पत्र सूचना कार्यालय और सीबीसी, लखनऊ और पीआईबी, वाराणसी के निदेशक मनोज वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के सकारात्मक एवं विकासात्मक रिपोर्टिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस वार्तालाप का आयोजन आपके बीच हुआ । यूनियन बैंक ऑफ इंडिया वाराणसी अंचल के गिरीश जोशी ने बैंक से जुड़ी केंद्र सरकार के योजनाओं की चर्चा की। बीडीओ दीपांकर आर्य ने कहा कि सरकार और जनता के बीच मीडिया की भूमिका अहम है। इसलिए इसकी उपयोगिता और गंभीरता हमेशा बनाए रखने की जरूरत है। केंद्रीय संचार ब्यूरो के पूर्व अधिकारी डा.नरसिंह राम ने कहा कि यह वार्तालाप कार्यक्रम दोतरफा संवाद का माध्यम है और इस जनपद में ऐसे कार्यक्रम कराने का उद्देश्य यही है कि विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के लोग ज्यादा से ज्यादा उठा सकें। वरिष्ठ पत्रकार विजय विनीत ने बदलते दौर में पत्रकारिता के स्वरूप और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर चर्चा की। वरिष्ठ पत्रकार राज कुमार तिवारी ने अपने क्षेत्र में पत्रकारों की सकारात्मक भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मीडिया जगत के वरिष्ठ पत्रकारों ने ग्रामीण पत्रकारों को लेखन शैली और ग्रामीण पत्रकारों की चुनौतियों के बारे में बताया। मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन सीबीसी वाराणसी के अधिकारी डा. लालजी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पसूका वाराणसी के सत्येंद्र कुमार, शिव कुमार झा और बीरबल पाल, गजेंद्र सिंह, संजय गुप्ता, डॉ प्रशान्त त्रिपाठी, पंधारी वर्मा, प्रवीण यादव , अजय सिंह, शिवम गुप्ता, गुलाम मोहम्मद समेत अनेक पत्रकार रहे।

# राहगीरों के लिए रेलवे का अंडरपास 'पुल' बना मुसीबत का कारण



**पहली बरसात ने खोली जिला प्रशासन की पोल**

प्रखर जौनपुर। जिले के नगर क्षेत्र रसूलाबाद तिराहा निकट रेलवे विभाग द्वारा बना अंडरपास "पुल" पहली ही बरसात में राहगीरों के लिए बना मुसीबत का कारण। लम्बे चौड़े अंडरपास "पुल" में बरसात होते ही लबालब पानी से भरा दिखाई दे रहा हैं। जो पैदल और बाइक सवार राहगीरों के लिए बरसात में बन गया है कठिनाई का कारण। बताते चलें कि विगत कुछ माह पूर्व रेलवे विभाग द्वारा नवनिर्माण हुए अंडरपास "पुल" के निर्माण में कई माह लगा था जिसके कारण शीतला चौकियाँ नवीनमण्डी आने जाने वाले छोटे से लेकर बड़े वाहन सवार व्यापारियों को बेहद संकट का सामान उठाना पड़ा, वहीं उस रास्ते में पड़ने वाले छोटे बड़े दुकानदारों की दुकानदारी पर भी अच्छा खासा प्रभाव पड़ा था। जैसे ही रेलवे विभाग द्वारा अंडरपास "पुल" बनकर तैयार हुआ तो सभी व्यापारियों के खुशियों का ठिकाना ही नहीं रहा। व्यापार के लिए पैदल व बाइक सवारों के आवागमन का सिलसिला पुनः संचालित हुआ तो सभी ने चौन की सास ली। बता दें कि रेलवे विभाग ने लाइन चौड़ीकरण के दौरान रेलवे जंक्शन निकट अंडरपास "पुल" का चौड़ीकरण तो कर दिया, लेकिन विभागीय जिम्मेदारों की आँखों में अंडरपास "पुल" के अंदर भयंकर अंधेरा तक नहीं दिखाई दिया। जिसके कारण उक्त अंधेरे में महिलाएं एवं पुरुषों के साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती हैं। इसका कौन होगा जिम्मेदार? बताया जा रहा हैं कि पहली ही बरसात में रेलवे विभाग द्वारा बनाया गया अंडरपास "पुल" का नजारा किसी छोटे तलाब या नहर से कम नहीं दिखाई दे रहा हैं जहाँ बरसात का पानी अंडरपास "पुल" में लबालब भरा हुआ दिखाई दिया। जिसके कारण राहगीरों को बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं। तस्वीर में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि अंडरपास "पुल" का पूरा नजारा बरसात होने के बाद पानी से किस प्रकार भरा हुआ है जहाँ आने जाने वाले पैदल लोगों के गुठने तक और बाइक सवार का दोनों पहिया पानी में डूबा हुआ दिखाई दें रहा हैं। जिसकी तरफ न तो जिला प्रशासन का ध्यान केन्द्रित हो रहा है और ना ही रेलवे विभाग के जिम्मेदारों का, जो गुजरने वाले राहगीरों के लिए बना हुआ है मुसीबत का कारण।

# विश्व वैदिक सनातन संघ ने ज्ञानवापी परिसर के मामलों के लिए 68 अधिवक्ताओं की सूची जारी की


विश्व वैदिक सनातन संघ

प्रखर वाराणसी। ज्ञानवापी परिसर से जुड़े सभी मुकदमों की पैरवी के लिए विश्व वैदिक सनातन संघ ने अधिवक्ताओं की सूची जारी की है। बता दे कि विश्व वैदिक सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह बिसेन ने सूची जारी करते हुए कहा कि आगे से ज्ञानवापी परिसर से जुड़े सभी मुकदमों की पैरवी इन वकीलों द्वारा की जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि ज्ञानवापी परिसर से संबंधित सभी मुकदमे जो विश्व वैदिक सनातन संघ के द्वारा संचालित है। उपरोक्त मुकदमों की जिला न्यायालय वाराणसी में पैरवी करने के लिए विश्व वैदिक सनातन संघ ने एडवोकेट मानबहादूर सिंह, एडवोकेट रवि शंकर लाल श्रीवास्तव, एडवोकेट अनुपम द्विवेदी, एडवोकेट चंद्रशेखर सेठ, एडवोकेट अनूप कुमार सिंह, एडवोकेट प्रवीण सिंह रघुवंशी, एडवोकेट रवि प्रकाश श्रीवास्तव , एडवोकेट बृजेश कुमार सिंह, एडवोकेट आशीष कुमार सिंह, एडवोकेट राकेश कुमार सिंह , एडवोकेट अवनीश त्रिपाठी बब्बू , एडवोकेट राघवेन्द्र यादव, एडवोकेट राजा आनंद ज्योति सिंह, एडवोकेट रतनदिप सिंह, एडवोकेट अजय विक्रम सिंह, एडवोकेट रोहित गुप्ता, एडवोकेट श्री आर० के० सरोज, एडवोकेट संदीप सिंह पिन्टू, एडवोकेट अशोक कुमार ष्सन्तोष सैनीष, एडवोकेट धीरेन्द्र प्रताप सिंह, एडवोकेट शिवानन्द सिंह, एडवोकेट विविक सिंह सोलंकी, एडवोकेट दिपक यादव लालन, एडवोकेट अवनीश यादव, एडवोकेट पवन शर्मा, एडवोकेट जितेंद्र प्रताप सिंह, एडवोकेट विनोद कुमार सिंह, एडवोकेट संजय पटेल, एडवोकेट अमित ष्टाटाष, एडवोकेट भूपेंद्र साहनी, एडवोकेट आशुतोष सिंह आशु , एडवोकेट जितेंद्र केशरी, एडवोकेट विश्व जीत रावत, एडवोकेट श्री इन्द्र जीत रावत, एडवोकेट मादवेन्द कुमार यादव, एडवोकेट नवीन कुमार श्रीवास्तव, एडवोकेट देव श्रीवास्तव, एडवोकेट अमित सिंह, एडवोकेट अरविन्द पाण्डेय, एडवोकेट आशीष, एडवोकेट अशोक यादव, एडवोकेट आशुतोष सिंह, एडवोकेट उन्मेश श्रीवास्तव, एडवोकेट बृजेश सिंह, एडवोकेट चंचल सिंह, एडवोकेट धीरज दूबे, एडवोकेट दिग्विजय सिंह चौहान, एडवोकेट मोनू, एडवोकेट नीरज पाण्डेय, एडवोकेट प्रदीप सिंह, एडवोकेट राहुल सिंह, एडवोकेट रामानन्द पाण्डेय, एडवोकेट राम चरण प्रसाद, एडवोकेट रत्नाकर पाण्डेय, एडवोकेट सानू सिंह, एडवोकेट शशांक राय, एडवोकेट सिंकू सिंह, एडवोकेट सुनील सिंह ( सत्य प्रकाश सिंह), एडवोकेट विनय सिंह, एडवोकेट अमित सिंह, एडवोकेट अनुज सिंह, एडवोकेट सुशील सिंह, एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह चंदेल, एडवोकेट महीप श्रीवास्तव, एडवोकेट रोहन सिंह, एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह पिंकू, एडवोकेट शुभम सिंह, एडवोकेट दिलीप सिंह शामिल है।

# पर्यटन स्थलों को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा सपरिवार कुशियरा फाल पहुंच कर स्वयं झाड़ू लगाकर की गई सफाई



प्रखर मिर्जापुर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने प्रसिद्ध कुशियरा फाल सपरिवार पहुंचकर झाड़ू लगाकर साफ सफाई की गयी। जिलाधिकारी के साथ साफ सफाई अभियान में श्री गगनदीप, उपजिलाधिकारी सदर चन्द्रभानु सिंह, उप जिलाधिकारी लालगंज भरत लाल सरोज व खण्ड विकास अधिकारी छानवे भी साफ सफाई किया। जिलाधिकारी ने कहा कि कुशियरा फाल को प्लास्टिक मुक्त करने के साथ यहां के विकास की कार्ययोजना बनाई जाएगी। लालगंज गैपुरा रोड पर स्थित लालगंज थाना क्षेत्र का प्रसिद्ध कुशियारा फाल बरसात के मौसम में प्रत्येक छुट्टी के दिनों में हजारो सैलानियो से आते रहते है। बरसात का मौसम को देखते हुये जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने सुबह पहुंचकर साफ सफाई किया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक दृष्टिकोण से यह स्थल अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रदेश स्तर पर पर्यटन स्थल बनने की ओर अग्रसारित हो रहा है। यहां पर गंदगी न हो इस हेतु इस स्थान को प्लास्टिक मुक्त जोन भी शीघ्र घोषित किया जाएगा। उन्होंने कुसियरा फाल के नदी क्षेत्र में प्लास्टिक का प्रयोग न किया जाने हेतु उपस्थित लोगो को जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कुशियरा फाल के विकास के लिए संबंधित विभाग से आवश्यक विचार विमर्श कर जल्द ही कार्ययोजना तैयार कर विकास का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी व पति गगन दीप सिंह और दोनो बच्चियों के साथ साफ सफाई किया और कहा कि इस धरोहर को खुद ही संरक्षित करने पर बल दिया। सैलानियों की सुरक्षा के लिए संबंधित थाना से पुलिसकर्मियों की तैनाती कराई जाएगी। डस्टबिन, महिलाओं के लिए वाशरूम, आदि की व्यवस्था जल्द ही की जाएगी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर चन्द्रभानु सिंह, उप जिलाधिकारी लालगंज भरत लाल सरोज, जिला पंचायत राज अधिकारी अरविंद कुमार, रेंजर के0. के0 सिंह और छानबे व लालगंज ब्लॉक के सफाई कर्मचारीध्सचिव उपस्थित रहे ।

# जम्मू कश्मीर में शहीद सीआरपीएफ जवान को नम आंखों से दी गई विदाई



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगसर हाल्ट थाना क्षेत्र के असाव निवासी सीआरपीएफ में कांस्टेबल के पद पर जम्मू कश्मीर में तैनात अजय साहू उम्र 45 वर्ष का तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर शुक्रवार की सुबह पहुंच गया।पार्थिव शरीर के पहुंचते ही पत्नी नीतू साहू, माता इकबाली साहू सहित अन्य परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। जबकि पहले से ही अपने लाल के इंतजार में खड़े ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं। शाहिद के अंतिम दर्शन व श्रद्धांजलि देने के लिए कई गांव के ग्रामीण जनप्रतिनिधियों सहित अन्य लोगों का हुजूम इकट्ठा हो गया। पार्थिव शरीर के साथ आये सीआरपीएफ के इस्पेक्टर जय सिंह एवं जवानों ने पुष्प चक्र अर्पित करने के साथ ही सशस्त्र सलामी दी। शहीद जवान का अंतिम संस्कार जमानिया स्थित गंगा घाट पर पूरे सैनिक सम्मान के साथ किया गया। पिता रामबरन साहू के मुखाग्नि देते ही सबकी आंखें नम हो गई। इससे पहले अंतिम यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल रहे जो अजय साहू अमर रहे और भारत माता की जय के नारे लगा कर चल रहे थे। पिता राजबरन साहू ने बताया कि उनका पुत्र जम्मू कश्मीर में सीआरपीएफ में कांस्टेबल के पद पर तैनात था। बताया कई दिनों पूर्व ड्यूटी के दौरान उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई थी। जिसे सीआरपीएफ के बेस अस्पताल में अधिकारियों ने भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उनके पुत्र की मौत हो गई। इसकी सूचना उन्हें सीआरपीएफ के अधिकारियों के द्वारा मिली। पिता ने बताया कि उनका बेटा 2004 में भर्ती हुआ था उसकी शादी 2008 में बिहार प्रांत के राजपुर बक्सर में नीतू साहू के साथ हुई थी। अंतिम संस्कार के दौरान भारी संख्या में पुलिस व ग्रामीण मौजूद रहे।

# झमाझम बारिश से किसानों की उम्मीदें रोशन,धान की रोपाई शुरू

प्रखर जौनपुर। दो दिनों से हो रही अच्छी बारिश से किसानों की उम्मीदें रोशन हो गई हैं उनके चेहरे पर रौनक आ गई है। बृहस्पतिवार और शुक्रवार को मछलीशहर तहसील क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से खेतों में पानी दिखना शुरू हो गया है।इस पानी से धान की नर्सरी को संजीवनी मिल गई है।तेज धूप और गर्मी से नर्सरी की वृद्धि की गति धीमी थी लेकिन बारिश से अब धान की नर्सरी में रौनक आ गई है। कुछ किसान जिनकी धान की नर्सरी तैयार हो गई थी।वह धान की रोपाई शुरू कर दिये हैं।यह विकास खंड मछलीशहर के गांव बामी का दृश्य है जहां किसान कृष्ण मुरारी उपाध्याय पम्पिंग सेट से खेत की सिंचाई करके धान की रोपाई का कार्य पिछले चार दिनों से करवा रहे हैं। आज और कल की बारिश से खुश होकर वह कहते हैं कि भगवान ने उनकी मुराद पूरी कर दी है।चार दिन में उनके आठ बीखे खेत की रोपाई का कार्य पूरा हो चुका है। बारिश से लोग एक साथ रोपाई के कार्य में जुटेंगे जिससे मजदूरों की कमी का सामना करना पड़ेगा। झमाझम बारिश ने धान के अलावा खरीफ की अन्य फसलें –मक्का,अरहर,सनई,उड़द,बाजरा और तिल की बुआई खेत पकते ही जुताई करके शुरू हो जायेगी। यदि समय से बारिश हुई होती तो इन फसलों की काफी मात्रा में बुआई हो चुकी होती लेकिन बारिश में बिलम्ब से इन फसलों की बुआई थोड़ा पिछड़ चुकी है। बारिश से गांवों में की गूंज भी बदल गई है। सुबह होने पर जहां सिर्फ चिड़ियों की चहचहाहट सुनाई देती थी। शुक्रवार की सुबह मेढकों ने अलग सरगम छेड़ रखी थी।मोर ऊंची आवाज में बारिश की खुशी का इजहार कर रहे थे। रोशनी के आस पास शाम को पाखी का मंडराना शुरू हो गया है।

# लखनिया दरी पर पुलिस का पहरा, सुहाने मौसम में सैलानी हुये मायूस



प्रखर अहरौरा मिर्जापुर। क्षेत्र के प्राकृतिक झरने कर रहे आकर्षित, हादसे के कारण का निवारण के बजाय लखनिया दरी पर शैलानियो के आवाजाही पर लगा दिया गया है प्रतिबन्ध मानसून के आगमन के साथ ही हल्की बारिश से ही लोग जनपद के जल प्रपात पर घूमने की योजना बनाने लगे है। दक्षिण में पहाड़, जंगल झरने तो उत्तर में मैदान की धरोहर देकर प्रकृति ने जिले में दिल खोलकर अपना खजाना लुटाया है । जंगल की हरियाली के बीच बसा लखनियादारी की पहाड़ के चट्टानों से टकराते पानी की जल ध्वनि दूर तक सुनाई पड़ रही हैं । शीतल जल मंद मंद पवन के झोंको के बीच दूर दराज से सैनानी मनमोहक दृश्य को मंत्रमुग्ध हो रहे हैं । लेकिन ठहरिये ! अगर आप घूमने की योजना बना रहे है तो पहले जान लीजिये की कहा पर प्रतिबन्ध लगाया गया है। अन्यथा वहा जाने पर आनंद के बजाय अपमानित होना पड़ सकता है। अहरौरा नगर के कोलाहल से दूर प्राकृतिक वातावरण में बहने वाले झरने सैलानीयों को आकर्षित करते रहे हैं। हर हाथ में मोबाइल के साथ कैमरा होने से जलप्रपात के सुरम्य मनोहारी दृश्य को लोग कैद कर लेना चाहते है । मानसून आने के साथ ही रुक रुक कर हो रही बारिश के बाद जनपद के अहरौरा स्थित लखनिया दरी , टांडा फाल, कुशियरा फाल, लोअर खाजुरी, अपर खाजुरी, सिद्धनाथ की दरी समेत तमाम जल प्रपात की थाती वाले पिकनिक स्पॉट पर लोग जाने की तैयारी में लगे हैं। पिकनिक स्पॉट मानसून के आगमन के साथ ही गुलजार हो उठते हैं। परिवार के साथ आने वाले सैलानी बाटी चोखा बनाने के साथ ही जमकर मस्ती करते हैं । अंधेरा होने से पहले ही इन जल प्रपातों से लोगों को सुरक्षा की दृष्टि से हटाने का जिम्मा पुलिस महकमा सम्हालता है । गर्मी में सूख जाने वाले जल प्रपात पानी से लबालब भर कर पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते रहे हैं । प्राकृतिक जलप्रपातों पर आने वाले सैलानी यहा उपली पर बाटी चोखा, दाल, चावल और चुरमा बनाने और खाने के बाद जमकर मस्ती करते हैं । चर्चा हैं कि लखनिया दरी में हादसे के बाद वहा जाने पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया है। बीते 1 वर्ष पूर्व कुछ सैलानियों द्वारा प्रतिबंधित जगहों पर असुरक्षित तरीके से स्नान करते वक्त हादसे के शिकार हो जाने की वजह से लखनिया दरी पर सैलानियों के आने–जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया जिससे सैलानी इस वक्त काफी मायूस दिख रहे हैं। एक तरफ पर्यटन को केंद्र और प्रदेश सरकार बढ़ावा दे रही है। वही दूसरी तरफ रोक के पीछे की मंशा लोगों को हजम नहीं हो रही है। अहरौरा क्षेत्र के प्रमोद, गोपाल, आत्मा त्रिपाठी, रणजीत यादव, दीनू सिंह, डॉ. के. के. पांडेय, डॉ. अरुण प्रकाश द्विवेदी, ग्राम प्रधान रम्मन चौहान एवं नीरज पांडेय आदि ने प्राकृतिक जल प्रपात लखनिया की दरी पर सुरक्षा की व्यवस्था कर पर्यटकों के आवाजाही पर लगा रोक हटाने की मांग की है । जिला पर्यटन अधिकारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि वन क्षेत्र के जल प्रपात पर पुलिस ने प्रतिबंध लगाया हैं। संबंधित विभागों से वार्ता कर पर्यटन के केंद्र लखनिया दरी को जल्द ही आम लोगों के लिए खुलवाने का प्रयास किया जाएगा।

# प्रशासन की अनदेखी से राहगीर हो रहे दुर्घटना का शिकार

**मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर की गई शिकायत**

प्रखर जौनपुर। सरपतहां थाना– समोधपुर व सरपतहां मोड स्थित तिराहे पर भयंकर जानलेवा गड्ढा बना हुआ है। सरकार द्वारा घोषित पर्यटन स्थल पौराणिक एवं ऐतिहासिक पौराणिक धर्मस्थल कालनेमि की वधस्थली बिजेथुआ महावीरन दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं,आम राहगीरों ,छात्र–छात्राओं की जान को खतरा बना हुआ है। आए दिन यहां दुर्घटनाएं घटित होती रहती हैं जिस पर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं पड़ रहा है बेशक इसी तिराहे से होकर जिले के आला अधिकारियों जनप्रतिनिधियों की गाड़ियां गुजरती हैं। उपरोक्त प्रकरण के संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत करके मांग की गई है कि लखनऊ बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग ,सरपतहां थाने,शिक्षा के केंद्र साबित होने वाले गांधी स्मारक विद्यालय एसवीडी गुरुकुल महाविद्यालय ऊंचगांव जौनपुर सहित दर्जनों विद्यालयों तथा ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ने वाले सरपतहां – थाना मोड – समोधपुर मार्ग पर स्थित तिराहे के बीचो बीच भयंकर जानलेवा गड्ढे से राहगीरों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता है। तिराहे पर तीन सड़कों के मिलने वाले स्थान के बीचो बीच रिक्त स्थान छूटा हुआ है जहां सड़क नहीं है। वहां बरसात के दिनों में बने गहरे गड्ढे में पानी भर जाने से आए दिन तमाम दुर्घटना की बातें सामने आती रहती हैं।इसी तिराहे से गड्ढे में से होकर पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों ,छात्र–छात्राओं और बिजेथुआ महावीरन को दर्शन करने वाले हजारों –लाखों दर्शनार्थियों तथा आम राहगीरों का आवागमन होता है। यह तिराहा अत्यंत व्यस्ततम सड़कों में से एक माना जाता है।छात्र–छात्राओं ,श्रद्धालुओं तथा आम राहगीरों की जान को हमेशा खतरा बना रहता है। माननीय मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया है कि मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए इसे जनहित का काम मानते हुए जिलाधिकारी जौनपुर को स्वत संज्ञान लेने के लिए निर्देशित करें और वह खुद आकर मामले की जांच करें।निवेदन को जनहित और समाज हित मानते हुए तिराहे पर बने जानलेवा गड्ढे को भरवाने और तिराहे पर स्थित रिक्त स्थान को भरने के लिए निर्देशित करे करने की मांग की गई है। तिराहे पर तीनों सड़कों को मिलाया जाए जिससे बीच का खाली स्थान समाप्त हो जाएगा और गड्ढा भी समाप्त हो जाएगा।

# मजलिस ए तरहीम में होगा पूर्वी यूपी के लोगों का जमावड़ा

प्रखर जौनपुर। शहर के इमामबाड़ा मीर सखावत हुसैन ख्वाजा दोस्त पोस्तीखाना में दो जुलाई को होने वाली मजलिस में पूर्वी यूपी के जिलों से भारी संख्या में लोगों का जमावड़ा होगा।

नगर के मोहल्ला ख्वाजा दोस्त निवासी बेबाक पत्रकार तामीर हसन शीबू के पिता और बड़े भाई के इसाले शवाब की मजलिस ए तरहीम को सफल बनाने के लिए अभी से भारी तैयारियां चल रही हैं।

दो जुलाई को सुबह 9 बजे इमामबाड़ा मीर सखावत हुसैन ख्वाजा दोस्त पोस्तीखाना में मजलिस के इस खास कार्यक्रम को प्रारंभ कर दिया जाएगा।

मजलिस की शुरुआत सोजख्वानी से की जाएगी। जिसको अंजाम देंगे शहर के मशहूर सोजखां गौहर अली जैदी, उसके बाद पेशख्वानी रजमी जौनपुरी करेंगे।

उसके फौरन बाद मजलिस को खिताब करेंगे नासिरिया अरबी कालेज के प्रधानाचार्य मौलाना महफुजूल हसन खां जो फजाएल और मसायब बयान करेंगे । बाद खत्म मजलिस शहर की मशहूर अंजुमन सज्जादिया मुफ्ती मोहल्ला नौहा मातम कर नजराना अकीदत पेश करेंगीं।

सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहने वाले जिले के बेबाक पत्रकार तामीर हसन शीबू ने समाज के सभी लोगो से अपील किया है कि मजलिस में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर मजलिस को सफल बनाएं।

## बारिश ने खोली पोल नालियां जाम,सड़क जलमग्न, घरों में घुसा पानी

प्रखर जखनिया गाजीपुर। सीानीय तहसील मुख्यालय की सड़कें दोपहर बाद हुई बारिश के पानी से लबालब होकर पहली ही बरसात का डरावना मंजर दिखाकर शासन प्रशासन की कलई खोलती नजर आई। जहां जलमग्न सड़कों के बीच आने जाने वाले लोगों में से कुछ बचते बचाते खुदा का शुक्र मनाते अपने गंतव्य को जाते नजर आए वहीं जलमग्न सड़कों के बीच गिरकर चोटिल होने वाले लोग शासन प्रशासन को जीभरकर कोसते भी दिखाई दिए। क्षेत्र में बृहस्पतिवार की दोपहर में शुरू हुई बरसात से मुख्यालय की सड़कों का नजारा शासन प्रशासन की पोल खोलने तथा जनप्रतिनिधियों की उपेक्षात्मक रवैया पर अफसोस जताने के लिए काफी था। तहसील मुख्यालय के सामने की सड़क इस तरह जलमग्न हो गई कि सड़क का पता करना मुश्किल हो गया।कई घरों में पानी घुस गया और लोग घरों का पानी बाहर फेंकने को मजबूर हो गए। गौरतलब हो कि क्षेत्रीय लोगों ने बरसात शुरू होने से पहले भी कई बार प्रशासन का ध्यान सड़कों के किनारे जाम नालियों की तरफ आकृष्ट कराते हुए साफ सफाई की मांग किया था। लेकिन शासन प्रशासन ने मांग को अनसुना करते हुए जल निकासी पर ध्यान नहीं दिया। जिसकी वजह से आज पहली बरसात में ही जखनियां की सड़कें झील में तब्दील होकर प्रशासन की पोल खोल दी। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि कई बार उप जिलाधिकारी से लेकर खंड विकास अधिकारी तक नालियों के निर्माण के समय नालियों के साफ सफाई की मुकम्मल व्यवस्था कराने की मांग की थी लेकिन कुछ भी नहीं हुआ।अभी तो पहली बरसात का यह ट्रेलर है आगे पूरी बरसात बाकी है। अगर नालियों की साफ सफाई नहीं कराई गई तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

# प्रशासन ने बनस्थली महाविद्यालय के पास जयगुरुदेव के शिष्य का टेंट तम्बू उखाड़ा



**प्रशासन ने कहा अनुमति निरस्त होने के सत्संग स्थल पर बन रहे कुटिया को हटाया गया**

प्रखर अहरौरा मिर्जापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के बनस्थली स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 1 जुलाई से 8 जुलाई तक होने वाले रतन दास बाबा जयगुरूदेव के शिष्य के सत्संग कार्यक्रम के लिए लगाएं जा टेंट तम्बू एवं बनाए जा रहे कुटिया को तहसील प्रशासन ने शुक्रवार को पुलिस फोर्स एव नगरपालिका के कर्मचारियों के सहयोग से हटवा दिया। वही आयोजकों का आरोप है की प्रशासन ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और चूल्हे में पानी भी डाल दिया था महिलाओं को लाठी के बल पर भगाया। जब की प्रशासन का कहना है कि जिस स्थान पर कार्यक्रम का आयोजन होने वाला था वह जमीन विवादित है जिसके कारण पूर्व में दी गई अनुमति को निरस्त कर दिया गया है। अनुमति निरस्त करने के बाद भी जय गुरुदेव के शिष्य कार्यक्रम करने पर अमादा थे इसलिए इनको हटाया जा रहा है। कार्यक्रम के सहसंयोजक रामविलास मौर्य ने बताया कि शिवपूजन यादव जिला अध्यक्ष जय गुरुदेव बैचारिक समिति नैमिष सीतापुर द्वारा जय गुरुदेव के शिषय रतन दास जी का 1 जुलाई से 8 जुलाई तक सत्संग एवं प्रवचन का कार्यक्रम बनस्थली महाविद्यालय के पास होना था जिसमें सोनभद्र चंदौली मिर्जापुर वाराणसी सहित अन्य जिलों से भक्त आने वाले थे जिसका प्रशासन से अनुमति भी मिला था लेकिन अचानक तहसील प्रशासन द्वारा पूर्व में दी गई अनुमति को रद्द कर दिया गया और जबरन हम लोगों को हटाया जा रहा है। उप जिलाधिकारी चुनार नवनीत सेहारा ने बताया की रतन दास बाबा को सत्संग करने की जो अनुमति दी गई थी उसको थानाप्रभारी की रिपोर्ट पर कार्यक्रम करने की अनुमति निरस्त कर दी गई थी इसलिए जय गुरुदेव के अनुयायियों को हटाया जा रहा है।

# साइबर सेल ने वापस कराया साइबर फ्राड के 324975 रुपये, पीड़ितों के खिले चेहरे

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन में साइबर फ्रॉड से सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर कार्यवाही करते हुए पीड़ितों के अवैध ट्रांजेक्शन होने की शिकायत पर प्रभारी साइबर क्राइम सेल उप निरीक्षक वैभव मिश्रा व टीम द्वारा प्रकरण का अध्ययन कर अवैध ट्रांजेक्शन जिन पेमेंट गेटवे के माध्यम से हुए थे, संबंधित कम्पनी, मर्चेन्ट को त्वरित रुप से मेल पत्राचार कर एवम् दूरभाष के द्वारा सम्पर्क कर अवैध ट्रांजेक्शन रोकने एवं ट्रांजेक्शन की जानकारी प्रदान करने संबंधी प्रक्रिया पूर्ण की एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही की गयी, जिसके फलस्वरुप कुल 09 ऑफलाइनध्ऑनलाईन आवेदकध्पीड़ितों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदको की गाढ़ी कमाई कुल रूपये 324975 को खातें में वापस कराया गया। अपनी मेहनत की कमाई पुनः प्राप्त होने पर आवेदकों द्वारा साइबर कार्यालय उपस्थित होकर समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया शिकायतकर्ताओ में सुशील कुमार शर्मा निवासी रौजा थाना कोतवाली, गाजीपुर जिनका वापस करायी गया कुल धनराशि रू.1लाख 22हजार, रामजनम निवासी थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर,वापस करायी गयी कुल धनराशि रू.99 हजार 999, दीनबन्धु निवासी थाना रेवतीपुर गाजीपुर, वापस करायी गयी कुल धनराशि रू. 25 हजार 349, विकास जायसवाल निवासी थाना कोतवाली, गाजीपुर। वापस करायी गयी कुल धनराशि रू.9 हजार 964, विशाल निवासी थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर, वापस करायी गयी कुल धनराशि रू.17 हजार 663, वेद प्रकाश थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर, वापस करायी गयी कुल धनराशि रू.5 हजार, बृजेश कुमार यादव थाना करण्डा जनपद गाजीपुर, वापस करायी गयी कुल धनराशि रू.11 हजार, गिरी कुमार थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर, वापस करायी गयी कुल धनराशि रू. 11 हजार, अजीत कुमार थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर। वापस करायी गयी कुल धनराशि रू. 20हजार। उप निरीक्षक साइबर सेल के अनुसार साइबर ठगों द्वारा लोगों को फोन और ईमेल करके किसी को लाटरी लगने का मैसेज, किसी को फोन करके उसका बैंक अकाउण्ट हैक होने व कार्ड बंद होने का डर दिखाकर जानकारी कर लेतें हैं, किसी को एनीडेस्क एप डाउनलोड करवाकर ठगी का शिकार बना लेतें हैं। धनराशि वापस कराने वाली टीम में उप निरीक्षक वैभव मिश्रा प्रभारी साइबर सेल,गाजीपुर, हेड कांस्टेबल राजकुमार साइबर सेल, हेड कांस्टेबल आशीष कुमार मिश्रा साइबर सेल, हेड कांस्टेबल विकास श्रीवास्तव साइबर सेल, कांस्टेबल मुकेश कुमार साइबर सेल, कांस्टेबल शिव प्रकाश यादव साइबर सेल, कांस्टेबल दीपक कुमार साइबर सेल, महिला कास्टेबल प्रतिभा शुक्ला साइबर सेल गाजीपुर शामिल रहे। साइबर सेल ने आगाह किया है कि कभी किसी संदिग्ध मैसेज पर विश्वास न करे। बैंक के सबंध में कोई भी मैसेज प्राप्त होने पर बैंक जाकर ही जानकारी प्राप्त करें। फोन काल पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा दिये जा रहे निर्देशों का पालन कतई नही करे। अपनी कोई भी व्यक्तिगत जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर नही करे। फेसबुक या अन्य किसी सोशल मीडिया पर अनजान लोगों के साथ विडियो कॉलिंग न करें। अज्ञात स्रोत से प्राप्त किसी भी प्रकार के लिंक या क्यूआर कोड पर क्लिक, स्कैन ना करें। रिमोट एप जैसे टीम व्यूवर, एनीडेस्क, क्विक सर्पोट किसी के कहने पर इंस्टाल नही करे। पैसे की प्राप्ति करने हेतु कभी भी एम0पिन या यू0पी0आइ0 पिन दर्ज करने की आवश्यकता नहीं होती है।

# ट्रेन की चपेट में आने से मोर की हुई मौत प्रधान ने किया मोर का अंतिम संस्कार

प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गंगौली गांव के पास बने रेलवे फाटक के बगल में ट्रेन की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गाजीपुर से आनंदविहार (दिल्ली) को जाने वाली सुहेलदेव एक्सप्रेस बृहस्पतिवार की देर शाम गाजीपुर से चलकर दिल्ली जा रही थी तभी गंगौली रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर बैठा मोर उड़ने की फिराक में था। और वह उड़ने लगा तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गया। और मौके पर ही उसकी मौत हो गई, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान अच्छेलाल यादव को दिया। ग्राम प्रधान अच्छेलाल यादव ने घटनास्थल पर पहुँच विधि विधान पूर्वक के साथ राष्ट्रीय पक्षी मोर का अंतिम संस्कार किया। गौरतलब हो कि गंगोली ग्राम प्रधान अच्छेलाल यादव सामाजिक कार्यों के प्रति काफी सजग रहते हैं। और ऐसे कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं उनकी इस कार्य की प्रशंसा पुरे क्षेत्र में जोरों पर है। उनका कहना है कि अपने देश के राष्ट्रीय पक्षी मोर का अंतिम संस्कार करना मेरे लिए बड़े ही गौरव की बात है। इस अवसर पर सतीश यादव, सुशील यादव, अंकित यादव, .रामआसारे यादव, बृजेश यादव, शशिवांश यादव, मोदी यादव के साथ गाँव के तमाम लोग मौजूद रहे।

# स्टेट बैंक व एटीएम के सामने बनें नाली में बज बजाता सड़ा हुआ पानी जिम्मेदार है मौन

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के अंतर्गत सरायबीरु गांव में स्थित भारतीय स्टेट बैंक व एटीएम के सामने बनी नाली में अधिक गंदगी होने से नाली बज बजा रही है। जिम्मेदार लोग चुप्पी साध लिए है। आपको बता दे की स्टेशन रोड़ पर स्थित है स्टेट बैंक से महज दो मीटर केराकत ब्लॉक व बैंक से 50 मीटर दूरी पर सरकारी अस्पताल है जो नाली का गंदा पानी दुकान के सामने अगल बगल लोगों को बदबु दे रहा है। जो अपने घर व दुकानों में रहने को मजबूर है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सरायबीरू गाँव में स्टेट बैंक के बगल में बने गंदगी से भरी नाली की शिकायत ग्राम प्रधान से करने के बाद भी आज तक उसकी साफ सफाई नही करायी गयी। गाँव में सफाई कर्मचारियों की न्युक्ति की गई है मगर आलम यह है की सफाई कर्मचारी प्रधान के यहाँ आकर कागज पर दिखाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करके फिर अपने कार्य को चले जाते हैं। जहाँ प्रदेश की योगी सरकार लगातार स्वस्छता अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग को लेकर साफ–सफाई अभियान का चलाकर स्वछता का कार्य करा रही है। वही सरायबीरू स्टेट बैंक के बगल में बने नाली की स्थिति देख आप खुद अंदाजा लगा सकते है की कितना जागरूक है गाँव के जिम्मेदार व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि लोग। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचारी रोग को लेकर गाँव की आशा और आंगनबाड़ी जैसे तमाम लोग गाँव में जाकर लोगों को जागरूक करती हैं साफ सफाई को लेकर मगर जमीनी स्तर पर यदि उच्चस्तरीय जांच की जाय तो गाँव में कराये गये कार्यों की सच्चाई सामने आ जायेगी।

# कांग्रेसी नेता ने टमाटर देकर चुकाया पेट्रोल की कीमत



प्रखर पिंडरा वाराणसी। बढ़ते हुए मंहगाई व आम जनता से दूर हो रहे खाद्य पदार्थों व सब्जियों को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बरवा में गुरुवार को अपराह्न में एक अनोखा प्रदर्शन किया। पिंडरा विस् क्षेत्र के ग्राम सभा बरवा स्थित पेट्रोल पंप पर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार राजू के नेतृत्व में बढ़ती हुईं बेतहाशा महंगाई के खिलाफ नायब प्रदर्शन का तरीका अपनाया और खेत से तोड़ कर आधा किलो टमाटर लेकर पहुचे और पेट्रोल कर्मियों से आग्रह किया और टमाटर के बदले बाइक में तेल भरवाया। और कहाकि टमाटर व सब्जी की बढ़ती हुई कीमत पर चर्चा न कर भाजपा के नेता केवल पाकिस्तान में टमाटर के दामों पर डिबेट कर रहे है। अपने देश में टमाटर,सब्जी, रसोई गैस आदि राशन के बढती मूल्य वृद्धि दर पर डिबेट नही करते। इस दौरान रामलाल, लक्ष्मी कान्त, रविन्द्र कुमार, राकेश कनौजिया, बिस्नू, विनोद यादव सहित अनेक लोग रहे।

# परमानंन्दपुर गांव में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की सुनी गई समस्या



प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत परमानंन्दपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय ग्राम प्रधान श्याम नारायण प्रजापति की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस ग्राम चौपाल में लोगों को जागरूक किया गया कि यदि ब्लॉक संबंधित जैसे किसान सम्मान निधि योजना, खाद व बीज और गाँव में बने पंचायत भवन पर आधार,खतौनी, पास बुक,आय,जाति और निवास प्रमाण जैसी कोई भी कार्य हो आप पहुँच कर अपनी समस्या का निस्तारण करा सकते है। और वही स्वास्थ्य विभाग में जैसे कुष्ठ रोग, फाइलेरिया, टीबी , हैजा,कोई भी किसी किसान व ग्रामीण को समस्या होती है तो अस्पताल पर सूचित करें जिसका समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी कृष्ण मोहन यादव, केराकत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक अरुण कुमार कनौजिया, एपीओ संजय आजाद, एडीओ जयेश यादव, ग्राम प्रधान श्याम नारायण प्रजापति, ग्राम रोजगार सेवक निशा देवी, के साथ तमाम ग्रामवासी परमानंदपुर के मौजूद रहे।

# महापौर ने 20 अदद ई–गार्वेज वैहकिल को हरी झंडी दिखाकर जनता को किया समर्पित



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। महापौर अशोक कुमार तिवारी के द्वारा 30 जून 2023 शुक्रवार को नगर निगम वाराणसी में बनारस की जनता के लिये 20 अदद ई–गार्वेज वेहकिल को हरी झंडी दिखाकर जनता को समर्पित किया ई–गार्वेज वाहन जिसमें छोटे हापर, टीपर हैं तथा बैटरी से चलते हैं बनारस की गलियों खास तौर पर नगर के पक्के महालों में इसकी खास उपयोगिता सिद्ध होगी। यह बनारस की पतली गलियों के लिये विशेष रूप से सहायक सिद्ध होगें द्य महापौर के द्वारा लोकार्पित ई–वाहनों में 15 छोटे हापर व टीपर हैं तथा 05 अदद डबल बैरिंग के फागिंग वाहन है यह सभी गाड़ियां आई0सी0 आई0 सी0आई0 बैंक के सहयोगी संस्थान आई0सी0 आई0सी0 आई0 फाउण्डेशन के द्वारा सी0एस0आर0 अन्तर्गत नगर निगम को प्रदान किया गया जिसमें आई0सी0आई0सी0 आई0 फाउण्डेशन द्वारा 50 लाख की धनराशि से यह वाहन क्रय किया गया था। लोकार्पण के अवसर पर नगर आयुक्त शिपू गिरि, अपर नगर आयुक्त, दुष्यन्त कुमार मौर्य, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 एन0पी0 सिंह, डी0सी0पी0 ट्रैफिक प्रबल प्रताप सिंह, पी0आर0ओ0 संदीप श्रीवास्तव, व्यापार मंडल के संरक्षक प्रेम प्रकाश मिश्र एवं भारी संख्या में पार्षदगण, आई0सी0आई0सी0 आई0 बैंक के रीजिनल हेड दिग्विजय सिंह, रीजिनल हेड (सेल्स) सौरभ श्रीवास्तव व राज त्रिपाठी, प्रबन्धक विनित श्रीवास्तव तथा आई0सी0आई0 सी0आई0 फाउण्डेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर पारितोष त्रिपाठी तथा विकास अधिकारी हर्षल गुल्ले आदि उपस्थित थे।

# वाराणसी होटलिएर्स एसोसिएशन की दो दिवसीय बायर–सेलर मीट का शुभारंभ




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। वाराणसी होटलिएर्स एसोसिएशन की दो दिवसीय बायर–सेलर मीट का 30 जून शुक्रवार को कैण्टोनमेण्ट स्थित होटल सूर्या के कैसर पैलेस में शुभारंभ किया गया द्य कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए वाराणसी के एडीएम प्रोटोकॉल बी सिंह ने कहा कि बायर सेलर मीट से होटलों में बहुत अच्छी सुविधा उपलब्ध होगी और होटल अपने ग्राहकों को बेहतर सुविधा दे सकेंगे बायर सेलर मीट होटल उद्योग और पर्यटन उद्योग के लिये लाभदायक होगा। उद्घाटन के पश्चात उन्होंने सभी स्टालों का अवलोकन भी किया और उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त की द्य कार्यक्रम में होटल उद्योग से सम्बंधित वेंडर्स और होटल व्यवसायी को एक प्लेटफॉर्म पर संवाद करने का बेहतर अवसर प्रदान किया गया है। एक ही स्थान पर होटल से सम्बंधित वस्तुओं को प्रदर्शित करने का अनूठा प्रयास देखने को मिला एकतरफ सेलर अपने उत्पादों की सजावट कर बायरों को आकर्षित करते नजर आए तो दूसरी तरफ बायर भी अपने होटलों के लिए गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की छानबीन करते नजर आए द्य इस मीट में पैकिंग सामग्री, किराना और जल्द खराब होने वाली वस्तुएं, बिजली के सामान, सेनेटरी वेयर,कटलरी, क्रॉकरी और कांच के बने पदार्थ, हाउस कीपिंग उत्पाद और उपकरण, इंटीरियर डिजाइनर, पेंट और पोलिश, लिनन, वर्दी और जूते, सौर प्रणाली अनुप्रयोग, सीसीटीवी और अग्निशमन प्रणाली, चाय, कॉफी वेंडिंग मशीन, फर्निशिंग हाउस, रसायन (रसोई और कपड़े धोने) आदि उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। लगभग सभी स्टालों पर आधुनिक व उपयोगी वस्तुओं को बेहतर ढंग से सजाया गया था इसमें 47 सेलर्स और 500 से अधिक बायर्स भागीदारी कर रहे हैं द्य इस मीट के प्रायोजक जैक्वार और सह प्रायोजक गैलन वाटर है वाराणसी होटलिएर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एहसान रउफ खान ने एडीएम प्रोटोकॉल बी सिंह का स्वागत किया। आयोजन समिति के प्रमुख अमन मेहरा ने उद्घाटन समारोह का संचालन किया कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि अभय सिंह थे। इस अवसर पर संयुक्त सचिव तुषार मौर्या, अभिजीत अग्रवाल, सिद्धार्थ जायसवाल सहित प्रायोजक व सह प्रायोजक की ओर से विधान सिंह, सी भाष्कर, राजेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# ग्राम प्रधान कोलउंद जिशान खान जिला बदर की कार्यवाही से हुए दोषमुक्त

प्रखर मिर्जापुर । नरायनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्रामसभा कोलउंद के ग्राम प्रधान जिसान खान के ऊपर गलत तरीके से पूर्व में थाना प्रभारी रहे अभय सिंह के द्वारा गुंडा एक्ट की कार्रवाई करने की वजह से जिला प्रशासन ने उन्हें जिला बदर कर दिया था। जिला बदरी के खिलाफ न्यायालय की शरण में अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपनी बात रखने के बाद उन्हें दोषमुक्त कर दिया गया जिससे उन्हें एवं उनके समर्थकों में हर्ष की लहर है। ग्राम प्रधान जिशान खान ने बताया कि ग्राम सभा के ही कुछ विरोधियों की साजिश की वजह से पूर्व में थाना प्रभारी रहे अभय सिंह के द्वारा गुंडा एक्ट की कार्यवाही निजी दुश्मनी निकालते हुए एवं अपने पद का गलत इस्तेमाल करते हुए गुंडा एक्ट में निरुद्ध कर दिया गया था। जानकारी के अभाव में स्वयं व अपने किसी व्यक्ति को न्यायालय में उपस्थित ना कर पाने की वजह से जिला प्रशासन ने 3 माह के लिए जिला बदर की कार्रवाई कर दी थी। जिस पर समय रहते न्यायालय की शरण में जाने की वजह से गुंडा एक्ट की कार्रवाई एवं जिला बदर से दोषमुक्त हो गया हूं एवं तत्कालीन अदलहाट थाना प्रभारी रहे अभय सिंह के खिलाफ 156६ 3 के तहत कानूनी कार्रवाई के लिए ग्राम प्रधान जीसान खा ने न्यायालय की शरण ली है।

# सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने निधन पर भेजा शोक संदेश पत्र



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अंबिका मंडी बलुआवीर निवासी रिजवान अंसारी के पिता के निधन पर शोक संदेश पत्र भेजकर शोक जताया है द्य रिजवान अंसारी पूर्व मे समाजवादी पार्टी के महानगर उपाध्यक्ष रहे है एवं बुनकर समाज मे अच्छी पकड़ है उनके बड़े भाई तुफैल अंसारी वर्तमान मे पार्षद है द्य रिजवान अंसारी के पिता हाजी मोहम्मद शरीफ का कुछ दिन पूर्व निधन हो गया था उनके निधन की जानकारी पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को फोन कर निधन होने की जानकारी दिया था द्य हाजी मोहम्मद शरीफ के निधन पर आज सपा सुप्रीमो ने पत्र भेजा।

**प्रखर पूर्वांचल**

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं